कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/ट्रोमा/जू0रेजी0–2023–24/2023/338 दिनांकः 12/9/,2023

सेवायोजन विज्ञप्ति

एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के ट्रोमा सेन्टर में नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट के अस्थाई पदों पर वेतनमान रू0 56100.00 प्रतिमाह एवं अन्य भत्ते पर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैः–

पदों का विवरण

क0 स0	पद का नाम	सामान्य	ओ0बी0सी0	एस0सी0	कुल योग
1	नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट	02	02	01	05

उपरोक्त पदों हेतु एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 के मानकों के अनुरूप शैक्षणिक अर्हता एम0बी0बी0एस0 आवश्यक है। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा एम0बी0बी0एस0 परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर किया जायेंगा तथा साक्षात्कार में कोई अंक नही दिये जायेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित योग्यता प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की है, उनकों प्राप्तांक पर पूर्ण प्रतिशत मिलेगा एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षायें अटैम्प्ट के साथ उत्तीर्ण की है, उनका प्रति अटैम्प्ट एक प्रतिशत प्रति विषय कम कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार लागू होगा। उक्त पदों का अधिकतम कार्यकाल 31 दिसम्बर, 2023 तक होगा। रोगियों के समुचित उपचार के दृष्टिगत चयनित नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट से किसी भी विभाग में कार्य लिया जा सकता है।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप कालेज की वेबसाईट से डाउन–लोड कर एवं उसे पूर्ण कर समस्त संलग्नकों सहित साक्षात्कार हेतु दिनांकः 20.09.2023 को प्रातः 11.00 बजे प्रधानाचार्य कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं **साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना अनिवार्य है।**

1. हाईस्कूल प्रमाणपत्र, 2. एम0बी0बी0एस0 की समस्त अंकतालिकाए, 3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट, 4. एम0बी0बी0एस0 परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, 5. एम0बी0बी0एस0 अस्थाई/स्थायी डिग्री, 6. अटैम्पट सर्टिफिकेट, 10. आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र (ओ0बी0सी0 श्रेणी का प्रमाणपत्र दिनांक 01 अप्रैल, 2023 के उपरान्त का होना चाहिए।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रभारी अधिकारी, ट्रोमा सेन्टर/अस्थि रोग विभाग, एस0एन0 मेडिकल कॉलेज, आगरा।
2. नोटिस बोर्ड– कालेज एवं केन्द्रीय पुस्तकालय, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
3. वार्डन, पी0जी0 छात्रावास/महिला पी0जी0 छात्रावास, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
4. प्रभारी अधिकारी, बेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।